ंदिनांकः 26.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- देशभर में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा – मथुरा से उज्जैन सांदिपनी आश्रम जाने वाले मार्ग को श्रीकृष्ण गमनपथ के रूप में राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर विकसित करेगी।
- राज्यभर में राष्ट्रीय खेल सप्ताह की आज से शुरूआत –31 अगस्त तक चलने वाले सप्ताह के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों के होंगे आयोजन।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–कल उदयपुर और जोधपुर संभाग के दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान।

.......................................................................

देशभर में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में यह पर्व मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर विशेष उत्साह है। इस अवसर पर प्रदेश में भी सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सपत्नीक डीग जिले के पूंछरी का लोठा स्थित मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्री शर्मा ने श्रीनाथ जी मन्दिर में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर कहा भगवान श्री कृष्ण ने उज्जैन में महर्षि सांदिपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की थी। मथुरा से सांदिपनि आश्रम तक जाने वाले मार्ग को राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर विकसित करेगी। इस श्रीकृष्ण गमनपथ पर श्रीकृष्ण के जीवनकाल से जुड़े स्थानों का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने आज उज्जैन में परिवार समेत महाकाल मन्दिर में दर्शन कर विशेष पूजा–अर्चना की। जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित राधा–दामोदर मन्दिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान का विशेष अभिषेक किया गया। इसके बाद भक्तों को पंचामृत पंजीरी और प्रसाद वितरित कर नन्दोत्सव मनाया गया। जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुबह से भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

.......................................................................

जगतपुरा स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुरूआत आज सुबह मंगला आरती से हुई जो रात्रि 12 बजे महाआरती के साथ सम्पन्न होगी।

राजसमंद से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलेभर में कृष्ण जन्माष्टमी बडी धूमधाम से मनाई जा रही है।

.......................................................................

चित्तौडगढ जिले में स्थित श्री सांवलिया जी में आज से दो दिन चलने वाले मेले की शुरूआत हुई। सांवरा सेठ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जन्मोत्सव में भाग लेने कई राज्यों से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। सांचौर में जन्माष्टमी पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर मटकी फोड प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। बालोतरा जिले के कीटनोद

गांव में कृष्ण जन्माष्टमी पर समुद्र हिलोरने की परम्परा निभाई गई। भाई बहनों ने मिलकर ये रस्म अदा की। पाली, झालावाड़, बाड़मेर, जैसलमेर, नीमका थाना, भरतपुर, करौली, कोटपूतली–बहरोड, जालौर, अजमेर, सीकर, हनुमानगढ और भीलवाडा सहित अन्य स्थानों पर भी जन्माष्टमी पर विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं।

.....................................................................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने आज जोधपुर प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। श्री बागड़े ने जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग की ओर से संचालित कन्या छात्रावास पहुंचकर बालिकाओं से संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें खूब पढ़ने और निरंतर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले राज्यपाल ने राजकीय छात्रावास में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। वहीं उन्होंने श्री कन्हैया गौशाला पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने गायों का पूजन कर हरा चारा खिलाया और गौशाला का अवलोकन किया। श्री बागडे ने जोधपुर के प्रसिद्ध मेहरानगढ़ दुर्ग को भी देखा। उन्होंने दुर्ग के स्थापत्य और शिल्प सौंदर्य की सराहना करते हुए इसे इतिहास की महती सौगात बताया।

.....................................................................

राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाएगा। इसको लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज से राष्ट्रीय खेल सप्ताह की शुरूआत हुई। सांचौर जिले के रेबारियों का गोलियां गांव में खेल परिसर में दौड प्रतियोगिता के साथ खेल सप्ताह की शुरूआत हुई। वहीं जैसलमेर में आज प्रभात फेरी के साथ खेल सप्ताह का आगाज हुआ। इंदिरा इनडोर स्टेडियम से हनुमान चौराहे तक निकाली गई प्रभात फेरी को जिला कलेक्टर प्रतापसिंह नाथावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सवाईमाधोपुर में भी सदभावना दौड के साथ खेल सप्ताह का आगाज हुआ। गौरतलब है कि 31 अगस्त तक चलने वाले खेल सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

.....................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख में पांच नए जिले बनाने के फैसले की सराहना की है। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह निर्णय बेहतर प्रशासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। श्री मोदी ने कहा कि ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाएगा, जिससे सेवाएं और अवसर लोगों के और भी करीब आएंगे। उन्होंने लद्दाख के लोगों को बधाई दी। वहीं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में पांच नये जिले बनाने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार लद्दाख के लोगो के लिए बेहतर अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

.....................................................................

दिल्ली मंडल रेल प्रबन्धक सुखविन्दर सिंह ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस की अनूठी विशेषताओं से रेलवे कर्मचारियों सहित 23 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को लाभ होगा। श्री सिंह ने नई दिल्ली में कहा कि नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों को यूपीएस से जुडने का विकल्प मिलेगा। राजस्थान में भी केन्द्र सरकार की ओर से यूपीएस लागू किये जाने के फैसले की केन्द्रीय कर्मचारियों ने सराहना की है। अजमेर मंडल के रेल प्रबन्धक आलोक अग्रवाल ने बताया कि मण्डल के सात हजार से अधिक रेल कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम –यूपीएस से लाभ मिलेगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि यह योजना एक अप्रैल 2025 से लागू होगी।

डाक विभाग की सहायक अधीक्षक डाक मीनू पारीक ने बताया कि केन्द्रीय कर्मचारियों और उनके परिवार को एकीकृत पेंशन योजना से लाभ मिलेगा।

.........................................................................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। राज्य में सबसे ज्यादा 26 सेंटीमीटर वर्षा प्रतापगढ जिले के पीपलखूंट में दर्ज की गई। आज भी राज्य के विभिन्न जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में कई स्थानों पर दोपहर बाद तेज बारिश हुई। डूंगरपुर, जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। लगातार बारिश से सोम और जाखम नदी में पानी की आवक जारी है, जिससे बेणेश्वर धाम टापू में बदल गया है। धाम को जोड़ने वाले 3 पुलों पर पानी की चादर चल रही है। झालावाड जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। वहीं मध्यप्रदेश में हो रही अच्छी बरसात से जिले की सभी नदियां परवान पर हैं। कालीसिंध और राजगढ़ छापी बांध में पानी की अतिरिक्त निकासी की जा रही है। चित्तौड़गढ़ में पिछले दो दिनों से तेज बारिश होने से बांध और तालाबों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। बाड़मेर और जैसलमेर जिले में भी आज लगातार तीसरे दिन बरसात का दौर जारी रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज उदयपुर और जोधपुर संभाग के दक्षिणी भागों में भारी से अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। वहीं कल उदयपुर और जोधपुर संभाग के दक्षिणी भागों में तेज हवा के साथ कहीं–कहीं भारी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी दो दिन हल्की से मध्यम बारिश होने का पुर्वानुमान है।

.........................................................................

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई की नई तिकडी भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस–यू.एल.आई. प्लेटफॉर्म भारत में ऋण प्रकिया को सरल बनाएगा। श्री दास बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने पर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोल रहे थे।

.........................................................................